# BlackBerry आईडी समझौता

BlackBerry आईडी समझौता या "समझौता" रिसर्च इन मोशन लिमिटेड, या आपके क्षेत्र में लागू ("RIM") BBSLA में निर्दिष्ट सहायक कंपनी या संबद्ध और:

क) आपके बीच, आपकी निजी क्षमता में, निम्नलिखित के संबंध में कानूनी समझौता बनता है:

i. आपकी BlackBerry आईडी को बनाना और उसकी व्यवस्था करना (जैसा कि BlackBerry आईडी शर्तें शीर्षक के अंतर्गत निर्धारित किया गया है); और

ii. अपनी निजी क्षमता में BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करना और उनका उपयोग करना (जैसा कि BlackBerry आईडी पहुँच सेवा शर्तें शीर्षक के अंतर्गत निर्धारित किया गया है); और

ख) आपके संगठन की किसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के उपयोग के संबंध में, कंपनी या अन्य संस्था जिसकी ओर से आप कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं ("आपका संगठन"),

प्रत्येक मामले में (**"आप"**)

नीचे दिये गए "मैं सहमत हूँ" पर क्लिक करके आप यह स्वीकार करते हैं कि आपने इस समझौते को पढ लिया है, समझ लिया है और आप उसका अनुपालन करने के लिए तैयार और सहमत हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि नीचे "मैं सहमत हूँ" पर क्लिक करने से पहले आप इस समझौते की समीक्षा करते हैं, जिसमें संदर्भ द्वारा निहित कोई अन्य दस्तावेज़ शामिल है, और BBSLA (जैसा कि नीचे परिभाषित किया गया है) और RIM की गोपनीयता नीति शामिल है। यदि आप इस समझौते से सहमत नहीं हैं, तो आपको BlackBerry आईडी के लिए पंजीकरण नहीं करना चाहिए (नीचे परिभाषित किया गया है) या किसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा तक पहुँच या उसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

आप यह समझौता नहीं कर सकते या BlackBerry आईडी के लिए साइन-अप नहीं कर सकते (जैसा कि नीचे परिभाषित है), जब तक आप ये दोनों नहीं करते: (क) आपकी आयु अठारह (18) वर्ष के ऊपर हो; और (ख) अपने न्याय क्षेत्र के कानून के तहत वयस्कता की उम्र से अधिक हो।

## क. BlackBerry आईडी शर्तें

1. **BlackBerry आईडी** कुछ विशेष RIM सेवाओं और तीसरे पक्ष की सेवाओं ("BlackBerry आईडी पहुँच सेवाएँ") तक पहुँच प्राप्त करने के लिए, आपको BlackBerry आईडी की आवश्यकता होगी जिसे आप BlackBerry आईडी साइन-अप फॉर्म पूरा करके प्राप्त कर सकते हैं।

2. **BlackBerry आईडी के लिए पंजीकरण।** पंजीकरण फॉर्म में आपसे वह ईमेल पता प्रदान करने के लिए कहा जाएगा जिसका आप अपनी BlackBerry आईडी के रूप में उपयोग करना चाहते हैं, और आपसे उपयोगकर्ता जानकारी प्रदान करने और अपनी BlackBerry आईडी से संबद्ध करने के लिए पासवर्ड बनाने के लिए कहा जाएगा। जब आप BlackBerry आईडी प्राप्त कर लेंगे, तो आप BlackBerry आईडी का उपयोग BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग करते समय, एक व्यक्ति के रूप में खुद की पहचान करने के लिए कर सकते हैं। **कृपया ध्यान रखें कि सभी मामलों में आप एक व्यक्ति के रूप में BlackBerry आईडी प्राप्त कर रहे है।** अगर

आप BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग अपने संगठन की ओर से कर रहे हैं, तो आपके संगठन के पास RIM या लागू तीसरे पक्ष के साथ अपना खुद का खाता हो सकता है, लेकिन आपको उस खाते के अंतर्गत अभी भी खुद की अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पहचान करवाने के लिए BlackBerry आईडी का उपयोग करने की ज़रूरत हो सकती है।

3. **BlackBerry आईडी के लिए ज़िम्मेदारी।** आपकी BlackBerry आईडी किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं हो सकती। आप पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने और उसकी सुरक्षा, और BlackBerry आईडी के सभी उपयोगों के लिए ज़िम्मेदार हैं। आप सहमत हैं कि आपः (क) लागू पंजीकरण फॉर्म द्वारा पूछे जाने पर अपने बारे में सही, सटीक, वर्तमान और पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे; और (ख) इस जानकारी को सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यकता के अनुसार तुरंत अद्यतित करेंगे।

4. **RIM को नोटिस।** आप सहमत हैं कि (i) अपने पासवर्ड या खाते के अनाधिकृत उपयोग या सुरक्षा के किसी भी अन्य उल्लंघन के बारे में RIM को तुरंत सूचित करेंगे, और (ii) यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक सत्र के अंत में आप BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं से लॉग-आउट करते हैं जहाँ इस तरह की क्षमता आपको प्रदान की जाती हो। आप यह स्वीकार करते हैं और सहमत हैं कि आपके BlackBerry आईडी के इस्तेमाल या पूर्वगामी बातों का अनुपालन करने में किसी विफलता से होने वाली हानि या क्षति के लिए RIM उत्तरदायी नहीं है।

5. **अपनी BlackBerry आईडी की समाप्ति।** आप अपनी BlackBerry आईडी समाप्त करने के लिए RIM को ऐसा अनुरोध भेज कर सेवा समाप्त कर सकते हैं।

6. **RIM द्वारा BlackBerry आईडी समाप्त करना।** विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के लिए किसी परिशिष्ट में विपरीत शर्तों के विषयाधीन, RIM, एकमात्र अपने विवेकाधिकार से, सम्मन, प्रशासनिक सुनवाई का सहारा लिए बिना या अदालत की कार्यवाही शुरू किए बिना, किसी भी कारण से आपकी BlackBerry आईडी को समाप्त या स्थगित कर सकती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: (क) इस समझौते या इसमें निहित अन्य अनुबंधों या दिशानिर्देशों का उल्लंघन करना या उन्हें भंग करना, (ख) कानून प्रवर्तन या अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा अनुरोध, (ग) अप्रत्याशित तकनीकी या सुरक्षा मुद्दे या समस्याएँ, (घ) निष्क्रियता की विस्तारित अवधि, (च) आपके द्वारा धोखाधड़ी, ग़ैरकानूनी, और/या अवैध गतिविधियों में शामिल होना।

7. **समाप्ति का प्रभाव।** आपकी BlackBerry आईडी के समाप्त होने के ये परिणाम होगें: (क) आपका पासवर्ड, और विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के लिए किसी परिशिष्ट में विपरीत शर्तों के विषयाधीन सभी संबंधित जानकारी, फ़ाइलों, और BlackBerry आईडी से जुड़ी सामग्री (या उसके किसी भाग) को हटाया जाना; और आपकी BlackBerry आईडी की समाप्ति या स्थगन का यह परिणाम होगा (ख) सभी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं या उसके हिस्से के आगे या सतत उपयोग को प्रतिबंधित, सीमित, निलंबित, या बाधित करना। आप सहमत हैं कि आपकी BlackBerry आईडी की समाप्ति या निलंबन, या इसके परिणामस्वरूप सभी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं या उसके हिस्से के आगे या सतत उपयोग को प्रतिबंधित, सीमित या बाधित करने के लिए RIM का आपके या किसी तीसरे पक्ष के प्रति कोई दायित्व नहीं होगा।

## ख. BlackBerry आईडी पहुँच सेवा शर्तें

1. BlackBerry आईडी पहुँच सेवा तक पहुँच के लिए आपको इस समझौते से सहमत अवश्य होना होगा। BlackBerry आईडी पहुँच सेवा तक आपकी पहुँच और उपयोग के संबंध में, इस समझौते में मौजूदा BlackBerry समाधान लाइसेंस समझौते (**"BBSLA"**) शामिल है, जो ऐसा समझौता है जिसके अंतर्गत RIM BlackBerry समाधान के लिए RIM सेवाएँ उपलब्ध कराती है (जिसे पूर्वतः BlackBerry सॉफ्टवेयर लाइसेंस समझौते के रूप में जाना जाता था), जैसा कि इन BlackBerry आईडी पहुँच सेवा शर्तों (**"सेवा की**

**शर्तें"**) द्वारा संशोधित किया गया है। BBSLA www.blackberry.com/legal पर उपलब्ध है। BlackBerry आईडी पहुँच सेवाएँ वे "सेवाएँ" हैं जो आपके "BlackBerry समाधान" का हिस्सा हैं, क्योंकि इन शब्दों को BBSLA में परिभाषित किया गया है। इस समझौते के प्रयोजनों के लिए, BBSLA में "समझौते" का अर्थ, इस समझौते के संदर्भ में समझा जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि नीचे दिये गए "मैं सहमत हूँ" पर क्लिक करने से पहले आपने इन सेवाओं की शर्तों, RIM की गोपनीयता नीति और BBSLA की समीक्षा कर ली है।

2. **परिशिष्ट।** विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के लिए आपको इस समझौते के परिशिष्ट (**"परिशिष्ट"**) को स्वीकार करना आवश्यक हो सकता है। विशेष BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के लिए परिशिष्ट को स्वीकृत करने पर, यह परिशिष्ट केवल उन BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के लिए इस समझौते का हिस्सा बन जाएगा। इस समझौते और किसी भी परिशिष्ट के बीच टकराव की स्थिति में यह परिशिष्ट केवल इस तरह के टकराव की हद तक ही प्रभावी होगा।

3. **आपके पंजीकरण दायित्व।** नीचे मुहैया कराई गई BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के बदले आप इन बातों के लिए सहमत हैं: (क) अपने बारे में लागू होने वाले पंजीकरण प्रपत्र (**"पंजीकरण डेटा"**) में सही, यथार्थ, वर्तमान, और पूरी जानकारी प्रदान करें; और (ख) पंजीकरण डेटा को सही, सटीक तथा समुचित रखने के लिए बनाए रखें और उसका प्रायः अघतन करें।

4. **अपनी सामग्री प्रस्तुत करना।** इस समझौते या इसके परिशिष्ट में स्पष्ट की गयी बातों के अलावा, इस समझौते में किसी भी जानकारी, डेटा, पाठ, सॉफ्टवेयर, संगीत, ध्वनि, तस्वीरें, ग्राफिक्स, वीडियो, संदेश, टैग, या अन्य सामग्री या जानकारी (**"सामग्री"**), जो आप किसी भी सदस्य सेवाओं के लिए प्रस्तुत या उपलब्ध कराते हैं (**"आपकी सामग्री"**), के स्वामित्व के हस्तांतरण का प्रावधान नहीं है। आप अपनी जो भी सामग्री सार्वजनिक रूप से सुलभ वेबसाइटों या BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के अन्य सार्वजनिक पहलुओं में शामिल करने के लिए उपलब्ध कराते हैं, उसके लिए आप RIM को विश्वव्यापी, सतत, अनवरत, हस्तांतरणीय, रॉयल्टी मुक्त और गैर अनन्य उपयोग लाइसेंस प्रदान करते हैं, ताकि आपकी सामग्री का किसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के प्रावधान और प्रबंधन के संबंध में यथोचित युक्तिसंगत उपयोग, वितरण, पुन: बनाने, संशोधन, अनुकूलन, सार्वजनिक रूप से निष्पादन तथा सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा सके।

5. **कॉर्पोरेट खाता।** अगर आप कंपनी या अन्य इकाई हैं, तो BlackBerry आईडी पहुँच सेवा तक पहुँच के लिए आपको कॉर्पोरेट खाता ID प्राप्त करने या दर्ज करने की ज़रूरत हो सकती है। जब तक आपके संगठन द्वारा अधिकृत न किया जाए, आपके संगठन के खाते को आपकी व्यक्तिगत क्षमता में उपयोग नहीं किया जा सकता, और यह किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरणीय नहीं है। पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने और उसकी सुरक्षा, और कॉर्पोरेट खाते के अपने सभी उपयोग के लिए आप ज़िम्मेदार हैं। आप सहमत हैं कि आपः (क) लागू पंजीकरण फ़ॉर्म द्वारा पूछे जाने पर अपने बारे में सही, सटीक, वर्तमान और पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे; और (ख) इस जानकारी को सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यकता के अनुसार तुरंत अघतित करेंगे।

6. **BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं पर सामग्री का स्वरूप।** अपनी सामग्री के लिए आप, RIM नहीं, पूरी तरह से ज़िम्मेदार हैं। BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के संबंध में उपलब्ध कराई जाने वाली आपकी सामग्री या दूसरों की सामग्री को RIM नियंत्रित नहीं करता, और इसलिए RIM ऐसी सामग्री की सटीकता, अखंडता, या गुणवत्ता की गारंटी नहीं देता और उसके लिए उत्तरदायी नहीं है। आप समझते हैं कि किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग करके आप किसी अपमानकारी, अश्लील, या आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। किसी भी सामग्री को अपने विवेकाधिकार से पहले छांटने, अस्वीकार करने या हटाने का RIM और

उसके नियुक्तों को अधिकार (दायित्व नहीं) होगा। BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के उपयोग के संबंध में RIM साधारण पद्धतियाँ और सीमाएँ तय कर सकता है, जिसमें बिना सीमा के संदेश/BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं से संबंधित परिचर्चा बोर्ड की पोस्टिंग या अन्य सामग्री को अधिकतम कितने दिनों तक रखा जाएगा, इस पर कोई सीमा तय नहीं की गई, और आप इस बात से सहमत होंगे कि किसी भी सामग्री को हटाने या उसे संभालकर रखने में असफलता के लिए RIM की कोई जिम्मेदारी या दायित्व नहीं है।

इसके अलावा, RIM का कोई दावा नहीं है कि BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के साथ जुड़ी समस्त सामग्री उन स्थानों सहित जिसके लिए BlackBerry आईडी पहुँच सेवा उपलब्ध कराई गई है, किसी भी स्थान में उपयोग के लिए उपयुक्त है और आपको उन स्थानों में, जहां सामग्री गैरकानूनी है, सामग्री के उपयोग की अनुमति नहीं है।

7. **आचरण।** आप किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग न करने या उपयोग करने का प्रयास न करने के लिए सहमत हैं:

   क. उन क्षेत्रों को छोड़कर, जो इस तरह के प्रयोजन के लिए निर्धारित हैं, किसी भी अवांछित या अनाधिकृत विज्ञापन, प्रचार सामग्री, "जंक मेल," स्पैम", "श्रृंखला पत्र," "पिरामिड योजनाओं," या किसी अन्य रूप में अनाधिकृत को अपलोड करना, पोस्ट करना, ईमेल करना, संचारित करना या किसी अन्य रूप में उपलब्ध कराना;

   ख. किसी भी जानकारी, सॉफ्टवेयर, उपकरण, या अन्य सामग्री को अपलोड करना, पोस्ट करना, ईमेल करना, संचारित करना या किसी अन्य रूप में अन्यथा उपलब्ध कराना, जिसमें (i) वायरस, ट्रोजन हॉर्स, वार्म, बैकडोर, शटडाउन तंत्र, दुर्भावनापूर्ण कोड, स्निफर, बॉट, ड्रॉप डेड मैकेनिज्म, या स्पाइवेयर उपलब्ध हैं; या (ii) कोई भी अन्य सॉफ्टवेयर, उपकरण, सूचना, या अन्य सामग्री, जिससे संभावना या आशय हो (अ) प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव होने की, (आ) निष्क्रिय, भ्रष्ट या नुकसान करने की, या (इ) किसी भी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, सेवाओं, प्रणाली, या डेटा के किसी भी अनाधिकृत या अनुचित प्रयोजनों के उपयोग करने की या अनाधिकृत पहुँच को निमित्त या सुविधाजनक बनाने की या प्राधिकृत पहुँच को अस्वीकृत करने की ("**मैलवेयर**") (और यदि आपको किसी भी मैलवेयर के अस्तित्व या BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के बारे में जानकारी मिलती हो तो आप तुरंत RIM को सूचित करेंगे);

   ग. अन्य उपयोगकर्ताओं की व्यक्त लिखित अनुमति के बिना उनके बारे में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करना;

   घ. किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा या उसके भाग के लिए लागू किसी आचार संहिता या अन्य दिशा निर्देशों का उल्लंघन करना;

   ङ. RIM द्वारा अन्यथा व्यक्त अनुमति या वह सीमा जहां तक यह प्रतिबंध लागू कानून का उल्लंघन करता है, को छोड़कर, BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं या किसी भी हिस्से, उत्पादों, सूचनाओं या अन्य सामग्री का सेवन या उपयोग, जिसका आप एक BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के द्वारा उपयोग कर रहे हैं, या ऐसा करने का प्रयास कर रहे हैं, किसी भी व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए प्रतिकृति, नकल, प्रतिलिपि, रिवर्स इंजीनियर, बेचना, व्यापार करना, पुन: बेचना, या दोहन करना;

   च. जो किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा (या ऐसी साइट या सेवाओं से जुड़े नेटवर्क (नेटवर्कों)) को किसी तरीके से खराब कर सकती है, निष्क्रिय बना सकती है, अधिक बोझ डाल सकती है) या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा BlackBerry आईडी पहुँच सेवा या उसके भाग के उपयोग और उपभोग में दखल दे सकती है। आप हैकिंग, पासवर्ड खोजकर या किसी अन्य साधन के माध्यम से

किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा, अन्य खातों, या BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के लिए नेटवर्क के जुड़े कंप्यूटर प्रणाली में अनाधिकृत पहुँच प्राप्त करने का प्रयास नहीं कर सकते। आप किसी भी तरीके से सामग्री या जानकारी प्राप्त करने का प्रयास नहीं कर सकते, जो BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के माध्यम से अभिप्रायपूर्वक आपके लिए उपलब्ध न कराई गई हो;

छ. किसी अनुपयुक्त, अपवित्र, अपमानसूचक प्रसार, उल्लंघन, अश्लील, अभद्र या अवैध विषय, नाम, सामग्री या जानकारी को प्रकाशित करना, पोस्ट करना, अपलोड करना, वितरित करना;

ज. किसी भी सामग्री को अपलोड करना, पोस्ट करना, संचारित करना, संसूचित करना या अन्यथा उपलब्ध करना, जिसे: (i) उपलब्ध कराने के लिए आपके पास किसी भी कानून या अनुबंध के तहत अधिकार नहीं है या किसी भी कर्तव्य का उल्लंघन करना (बौद्धिक संपदा कानून द्वारा सुरक्षित सॉफ्टवेयर, अंदर की सूचना, पासवर्ड की जानकारी, स्वामित्व और रोजगार रिश्तों या गैर प्रकटीकरण समझौते संबंधी हिस्से के तहत ज्ञात या प्रकट गोपनीय जानकारी); या, (ii) या किसी पक्ष के किसी भी पेटेंट, ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य, कॉपीराइट, या अन्य स्वामित्व के अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है या हो सकता है;

झ. किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए किसी भी सामान या सेवाओं को विज्ञापित करना या बेचने की पेशकश करना या खरीदना, जब तक कि ऐसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा विशेष रूप से इस तरह के संदेशों की अनुमति न देती हो;

ञ. ऐसे व्यक्तियों के लिए जो विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं या उनके हिस्से में भाग नहीं लेते, किसी भी तरीके से गोष्ठी से सामग्री के वितरण के लिए प्रतिलिपि बनाना, जिसके लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई थी; या

ट. दूसरों को गुमराह करने के लिए किसी भी व्यक्ति या संस्था का नाम लेना, या आपके किसी व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों का झूठा वर्णन करना या मिथ्या निरूपण करना, या झूठी पहचान बनाना।

8. **अंतर्राष्ट्रीय उपयोग।** चूँकि कुछ BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं की दुनिया भर में पहुंच की जा सकती है, यदि आप RIM द्वारा इंगित स्थानों में जहाँ ये BlackBerry आईडी पहुँच सेवाएँ उपलब्ध हैं के अलावा किसी अन्य स्थान से अपने खाते या किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग करने का चयन करते हैं, तो इसके लिए आप स्वयं पहल करेंगे और आप BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं और संबंधित सामग्री से जुड़े निर्यात, आयात, उपयोग, प्रेषण और/या संचार सहित, सभी संबंधित कानूनों और विनियमों के अनुपालन के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। खास स्थानों पर RIM द्वारा उपलब्ध कराई गई BlackBerry आईडी पहुँच सेवा और किसी भी संबद्धित सामग्री, बिना सीमा के ऐसे उपलब्ध उत्पादों, उपकरणों, सेवाओं या अन्य सामग्री सहित, के बारे में जानकारी के लिए कृपया विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवा की जानकारी का अवलोकन करें।

9. **BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का संशोधन।** किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं के सभी या किसी भी भाग में किसी भी समय और समय-समय पर संशोधित करने या नोटिस के साथ या उसके बिना अस्थायी या स्थायी रूप से बंद करने का अधिकार RIM के पास सुरक्षित है। आप सहमत हैं कि किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा (या उसके किसी भाग) के किसी भी संशोधन, निलंबन या समाप्ति के लिए RIM आप या किसी भी तीसरे पक्ष के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

10. **तृतीय पक्ष।** तृतीय पक्ष की वस्तुओं या सेवाओं के भुगतान और सुपुर्दगी सहित, किसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा से संबद्धित तृतीय पक्ष के साथ आपका पत्राचार और/या लेनदेन तथा कोई भी अन्य शर्तें, परिस्थितियाँ, वारंटी, या इस तरह के लेनदेन के साथ जुड़े पत्राचार पूरी तरह आपके और तृतीय पक्ष के बीच है। आप इस बात से सहमत हैं कि ऐसे किसी भी सौदे के परिणामस्वरूप होने वाले घाटे या किसी क्षति के लिए RIM किसी भी तरह से जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा।

11. **बौद्धिक संपदा अधिकार।** आप स्वीकार करते हैं कि BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं में जानकारी, डेटा, पाठ, संदेश, कार्य, उत्पाद, सॉफ्टवेयर, संगीत, ध्वनियाँ, तस्वीरें, चित्र, ग्राफिक्स, ट्रेडमार्क, ट्रेडनामों, लोगों, वीडियो, संलग्नकों, हाइपरलिंक्स और अन्य सामग्री, सामान और सेवाएं शामिल होती हैं या उपलब्ध करायी जाती हैं, जो RIM या RIM आपूर्तिकर्ताओं (सामूहिक रूप से "**RIM सामग्री**") द्वारा प्रदान की जाती है। आप केवल अपने निजी इस्तेमाल के लिए तथा BlackBerry आईडी पहुँच सेवा पर लागू विशेष लाइसेंस नियम और शर्तों के अनुसार RIM सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

12. **बौद्धिक संपदा के उल्लंघन का दावा।**

यदि आप को उचित आधार पर विश्वास है कि किसी तरह से आपके कार्य पर कुठाराघात हुआ है, जो कॉपीराइट या आपकी बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन है, तो कृपया RIM को निम्नलिखित जानकारी के साथ legalinfo@rim.com पर संपर्क करें:

क) कॉपीराइट या अन्य बौद्धिक संपदा हित में कार्य करने के लिए अधिकृत व्यक्ति के इलेक्ट्रॉनिक या स्वयं किये गये हस्ताक्षर;

ख) कॉपीराइट या अन्य बौद्धिक संपदा का वर्णन, जिसके बारे में आपका दावा है कि उसका उल्लंघन किया गया है;

ग) इस साइट के भीतर स्थित सामग्री के स्थान का वर्णन, जिसके उल्लंघन का आप दावा करते हैं;

घ) आपका पता, टेलीफोन नम्बर, और ईमेल पता;

ङ) आपके द्वारा एक बयान कि आपको काफी हद्द तक विश्वास है कि विवादित उपयोग बौद्धिक संपत्ति के मालिक, उसके अभिकर्ता, या कानून द्वारा अधिकृत नहीं है; और

च) आपके द्वारा दिया गया बयान, झूठी गवाही के दंड के अधीन, कि आपके नोटिस में दी गई उपरोक्त जानकारी सही है और कि आप कॉपीराइट या बौद्धिक संपत्ति के मालिक हैं या कॉपीराइट या बौद्धिक संपदा के मालिक की ओर से कार्रवाई के लिए अधिकृत हैं।

13. **समाप्ति।**

क. आप RIM को समाप्ति अनुरोध भेजकर किसी भी समय BlackBerry आईडी पहुँच सेवा(ओं) के लिए कोई कॉर्पोरेट खाता या किसी BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के लिए अपनी पहुँच समाप्त कर सकते हैं।

ख. BBSLA में निर्धारित RIM के समापन अधिकारों के अलावा, और विशिष्ट BlackBerry आईडी पहुँच सेवा के परिशिष्ट में उल्लिखित किसी भी विपरीत शर्तों के अधीन RIM, अपने विवेकाधिकार में, आपको सम्मन, प्रशासनिक सुनवाई या अदालती कार्यवाही शुरू करने का सहारा लिए बिना, आपको नोटिस दिए बिना तुरंत, इस समझौते, BlackBerry आईडी पहुँच सेवा(ओं) के

लिए आपका कॉर्पोरेट खाता, या इस समझौते के विशिष्ट परिशिष्ट को समाप्त कर सकता है, आपके कॉर्पोरेट खाते तक, आपकी पहुँच को या किसी भी BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं तक आपकी पहुँच को, निम्नलिखित में से किसी भी कारण सहित, लेकिन वहीं तक सीमित न रहते हुए, प्रतिबंधित या निलंबित कर सकते हैं: (क) इस समझौते या अन्य समझौतों या शामिल दिशा निर्देशों के अतिक्रमण या उल्लंघन पर, (ख) कानून प्रवर्तन या अन्य सरकारी संस्थाओं द्वारा अनुरोध करने पर, (ग) BlackBerry आईडी पहुँच सेवा (या उसके किसी भाग) की सामग्री को बंद या रूपांतरित करना, (घ) अप्रत्याशित तकनीकी या सुरक्षा मुद्दे या समस्याएं, (ड) निष्क्रियता की विस्तारित अवधि, (च) आपकी धोखाधड़ी, गैर-क़ानूनी, और/या अवैध गतिविधियों में संलिप्तता, या (छ) सदस्य सेवा के संबंध में आप के द्वारा किसी शुल्क या व्यय का भुगतान न करना। इसके अलावा, आप सहमत हैं कि इस समझौते, इस समझौते में शामिल परिशिष्ट, आपके कॉर्पोरेट खाते, या आपके BlackBerry आईडी पहुँच सेवाओं का उपयोग करने के प्रतिबंध या उपयोग के निलम्बन के लिए RIM आप या किसी तृतीय पक्ष के प्रति उत्तरदायी नहीं है।

ग. **शर्तों में परिवर्तन।** BBSLA में उल्लिखित तरीके से RIM द्वारा अघतन या संशोधन करने के अलावा, व्यापारिक पद्धतियों में बदलावों को दर्शाने या कानूनों में बदलाव या लागू कानूनों के बारे में RIM की समझ में बदलावों को दर्शाने और ऐसी नवीनीकृत या संशोधित शर्तों को http://www.blackberry.com/legal पर प्रकाशित करने के लिए इस समझौते में अघतन या उसमें संशोधन करने का अधिकार, पूर्ण स्वामित्व के साथ, RIM अपने पास सुरक्षित रखता हैं। प्रत्येक नवीनीकरण या संशोधन की प्रभावी तारीख को नवीनीकृत या संशोधित सेवा शर्तों में बताया जाएगा। इस समझौते में किए जाने वाले नवीनीकरणों या संशोधनों को बीती हुई तारीख से लागू नहीं किया जा सकता। जब भी इस समझौते में संशोधन या नवीनीकरण किया जाता है, तो अगली बार जब आप BlackBerry आईडी पहुँच सेवा का उपयोग करने का प्रयास करेंगे, तब आपको नवीनीकृत या संशोधित संस्करण की समीक्षा करने और उसे स्वीकार करने की आवश्यकता होगी।

*संशोधितः मार्च 10, 2011*

**मुझे स्वीकार है** **मुझे स्वीकार नहीं है**